**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-21 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 21 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2023 से दिनांक 30 अगस्त, 2024 तक जनता विहार कालोनी वादर खेड़ा बुद्धेश्वर मोहान रोड लखनऊ में नगर निगम के अन्तर्गत कौन-कौन सी रोडो का निर्माण किया गया है और उनका प्रस्ताव नगर निगम में कब प्राप्त हुआ है ? | जनता विहार कालोनी, वादर खेड़ा बुद्धेश्वर नगर निगम, लखनऊ में विस्तारित क्षेत्र के रूप में सम्मिलित हुआ है, जिसमें दिनांक 01 जनवरी, 2023 से दिनांक 30 अगस्त, 2024 तक समय-समय पर निम्नलिखित कार्यो को कराया गया है :-<br>1. वार्ड विकास प्राथमिकता निधि से निम्नवत् कार्य कराये गये हैं :-<br>(क) श्री अनिल के मकान से श्री द्विवेद्वी के मकान तक ₹5.80 लाख (वित्तीय वर्ष 2022-23) का कार्य।<br>(ख) श्री द्विवेदी के मकान से श्री राठौर के मकान तक ₹5.80 लाख (वित्तीय वर्ष 2022-23) का कार्य।<br>(ग) श्री ओम प्रकाश शुक्ला के मकान से श्री सुरेश के मकान तक ₹5.85 लाख (वित्तीय वर्ष 2023-24) का सड़क व नाली निर्माण का कार्य।<br>2. 15वें वित्त आयोग निधि की समिति के अनुमोदित प्रस्ताव पर निम्नवत् कार्यो को कराया गया है :-<br>(क) श्री बिन्द्रा प्रसाद चौरसिया के घर तथा प्रधान के घर से श्री मनोज विश्वकर्मा के घर तक होते हुए श्री श्रवण कुमार व कश्यप वाली गली में सड़क व नाली का निर्माण ₹35.09 लाख (वित्तीय वर्ष 2022-23) का कार्य।<br>(ख) यदुवंशी ट्रेडर्स से श्री सौरभ सिंह के घर तक ₹75.33 (वित्तीय वर्ष 2023-24) का कार्य।<br>(ग) श्री अनिल गुप्ता के घर से श्री राजेश के घर तक ₹31.05 लाख (वित्तीय वर्ष 2023-24) का कार्य। |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| (ख) उक्त स्थान पर ही जनता विहार कालोनी में आशीष कुमार यादव के घर से मेन रोड तक लगभग 40 मीटर रोड का आगणन नगर निगम द्वारा किस तिथि को बनाया गया था और कब तक उक्त रोड का निर्माण करा दिया जायेगा ? | जनता विहार कालोनी में श्री आशीष कुमार यादव के घर से मेन रोड तक लगभग 40 मीटर रोड का आगणन दिनांक 16.09.2022 को तैयार किया गया था। शीघ्र ही यह कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |

(ए.के. शर्मा)
मंत्री,
नगर विकास विभाग।

Scanned with CamScanner